उत्तराखण्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति

डांडा लखौंड सहस्रधारा रोड देहरादून।

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
हरिद्वार।

पत्रांक – UKHFWS/NHM/ASHA Letter/2015-16/ 9732 दिनांक: 24 जनवरी 2017

विषय – **कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध करायी धनराशि जिला आशा संसाधन केन्द्र को निर्गत करने विषयक**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य स्तर से पूर्व में प्रेषित किये पत्र संख्या– UKHFWS/NHM/ASHA Letter/2015-16/ 7865 दिनांक 09 नवम्बर 2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके अन्तर्गत कम्यूनिटी एक्शन फॉर हेल्थ कार्यक्रम को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु जनपदवार FMR Code wise धनराशि आवंटित की गयी है। उक्त के सम्बन्ध में आपके जनपद में FMR Code B.15.1.2 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय टी0ओ0आी हेतु रू0 15000 तथा विकासखण्ड स्तर पर आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओ0टी आयोजित किये जाने हेतु रू0 84,592 की धनराशि आवंटित की गयी है। इस क्रम में दिनांक 22 व 23 नवम्बर 2016 को आपके जनपद में जनपद स्तरीय टी0ओ0टी0 आयोजित की जा चुकी है। तथा समस्त विकासखण्ड की समस्त आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओ0टी माह जनवरी 2017 के अन्तिम सप्ताह में जिला आशा संसाधन केन्द्र के माध्यम से आयोजित की जानी है।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आप अपने स्तर से उचित कार्यवाही करते हुए शीघ्र ही समस्त विकासखण्ड की समस्त आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओ0टी0 आयोजित किये जाने हेतु रू0 84592 की धनराशि जिला आशा संसाधन केन्द्र को निर्गत करने का कष्ट करें ताकि जिला आशा संसाधन केन्द्र के माध्यम से समयपूर्वक उक्त गतिविधि को संचालित किया जा सके।

सहायक निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।

प्रतिलिपी– प्रबन्धक, जिला आशा संसाधन केन्द्र, हरिद्वार को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्तानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर निर्गत धनराशि प्राप्त करें। उक्त आंवटित धनराशि से सम्बन्धत व्यय विवरण संलग्न किया जा रहा है। तथा उक्त धनराशि के अन्तर्गत समस्त आशा फैसिलिटेटर की 01 दिवसीय टी0ओटी0 आयोजित करने के पश्चात दिनांक 22 व 23 नवम्बर 2016 को आयोजित की गयी जनपद स्तरीय टी0ओ0टी0 के दौरान भारत सरकार पापुलेशन फाउन्डेशन ऑफ इण्डिया के मास्टर प्रशिक्षक श्री दमन आहूजा के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार प्रत्येक विकासखण्ड के 01 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द के अर्न्तगत 02 उपकेन्द्र व 10 गांवो के डाटा को रिर्पोट कार्ड में अकिंत कराकर विकासखण्ड स्तर पर संकलित कर माह फरवरी 2017 में प्रत्येक विकासखण्ड में जनसंवाद आयोजित कराना सुनिश्चित करें तथा उक्त से सम्बन्धित कार्ययोजना तैयार कर राज्य का उपलब्ध भी कराये।

सहायक निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उत्तराखण्ड देहरादून।